E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

फैक्स: 0512-2246609
फोन: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 113 / 2025 दिनांक : 19/02/2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त नर्सिंग कालेज।

विषय : बी0एस–सी0 नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक बी0एस–सी0 नर्सिंग मुख्य / पूरक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया आदेशानुसार अवगत कराना है कि बी0एस–सी0 नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक बी0एस–सी0 नर्सिंग मुख्य / पूरक की परीक्षायें मार्च, 2025 के प्रथम सप्ताह से कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शीघ्र ही जारी किया जाएगा। उपर्युक्त परीक्षायें निम्नलिखित निर्देशों के अधीन सम्पन्न होंगीः–

1. पूर्व की भांति प्रत्येक वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं की सूची तीन प्रतियों में तैयार कर दिनांक 25.02.2025 तक एक प्रति उप कुलसचिव (परीक्षा), दूसरी पी0एम0यू0 सेल को तथा तीसरी भविष्य के संदर्भ के लिए महाविद्यालय में सुरक्षित रखें।

   समस्त अर्ह छात्र / छात्राओं का ऑन लाइन सबिमशन तथा परीक्षा शुल्क दिनांक 28.02.2025 तक जमा कराना सुनिश्चित करें।
2. समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय प्रैक्टिकल हेतु परीक्षकों का पैनल दिनांक 28.02.2025 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रेषित करें।
3. सभी प्राचार्य / प्राचार्या, इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे कि परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं की उपस्थिति एवं पाठ्यक्रम भारतीय नर्सिंग परिषद् नई दिल्ली के मानकानुसार पूर्ण हो गया है और उन्हें निर्धारित अर्हता पूर्ण होने पर ही परीक्षा में सम्मिलित कराया जा रहा है। किसी भी विसंगति की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या का होगा।

भवदीय

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

Vijay

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव।
3. पी0एम0यू0।
4. प्रभारी, कोडिंग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

19/02/2025

(राकेश कुमार मिश्रा)
उप कुलसचिव (परीक्षा)

Vijay